YUGANTAR PUBLIC SCHOOL

Sample paper 2023-24

Class :- III — **Subject :-Hindi** — Time –3 Hrs

MM :-80

निर्देश — **Date – 2-10-2023**

1. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है ।

2. स्वच्छता पर विशेष ध्यान दीजिए।

व्याकरण खण्ड (अ) बहुविकल्पीय प्रश्न

प्र 1) प्रश्नों को पढ़कर सही उत्तर पर (√) का निशान लगाइए– (15)

1) एक दूसरे का उल्टा अर्थ बताने वाले शब्दों को क्या कहते है?

(अ) विलोम (ब) संज्ञा (स) वचन (द) वर्ण

2) हिन्दी भाषा की लिपि क्या है ?

(अ) रोमन (ब) फ़ारसी (स) देवनागरी (द) उर्दू

3) अंग्रेजी भाषा की लिपि क्या है ?

(अ) रोमन (ब) देवनागरी (स) हिन्दी (द) फ़ारसी

4) नाम वाले शब्दों को क्या कहते है ?

(अ) लिंग (ब) संज्ञा (स) लिपि (द) विलोम

5) मामा शब्द का स्त्रीलिंग शब्द क्या होगा ?

(अ) मामी (ब) मासी (स) दादी (द) काकी

6) भाई शब्द का स्त्रीलिंग शब्द क्या होगा ?

(अ) दादा (ब) बहन (स) भांजा (द) चाचा

7) लड़का शब्द का बहुवचन रूप क्या होगा ?

(अ) बच्चा (ब) लड़की (स) लड़के (द) लड़कों

8) लाडला शब्द का शब्दार्थ क्या होगा ?

(अ) प्यारा (ब) अच्छा (स) सुंदर (द) छोटा

9) कूड़ा शब्द का शब्दार्थ क्या होगा ?

(अ) टुकड़े (ब) गंदगी (स) नाली (द) कागज़

10) यात्रा शब्द का शब्दार्थ क्या होगा ?

(अ) सफ़र (ब) घूमना (स) विदेश (द) चलना

11) व्यंजन शब्द का शब्दार्थ क्या होगा ?

(अ) पकवान (ब) फल (स) शरबत (द) चावल

12) स्वरों के चिह्न को क्या कहते है ?

(अ) संज्ञा (ब) वचन (स) मात्रा (द) वर्ण

13) सच शब्द का विलोम शब्द क्या होगा ?

(अ) बोलना (ब) झूठ (स) सोचना (द) बुरा

14) मोटा शब्द का विलोम शब्द क्या होगा ?

(अ) पतला (ब) बड़ा (स) भारी (द) वजन

15) भाषा के कितने रूप होते हैं ?

(अ) चार (ब) एक (स) तीन (द) दो

प्र 2) उचित विलोम शब्द पहचानकर खाली स्थान भरिए– (5)

क) अच्छा x_______ (गंदा/ बुरा)

ख) कायर x_______ (वीर / कमजोर)

ग) हँसना x _______ (हँसोड़/रोना)

घ) सजीव x_______ (अजीब /निरजीव)

ङ) स्वतंत्र x_______ (परतंत्र/ गुलाम)

खण्ड (ब)

प्र 3) पठित गद्यांश को पढ़कर सही उत्तर पर (√) का निशान लगाइए–(5)

पोंगल हर साल जनवरी के महीने में मनाया जाता है। यह चार दिन का त्योहार होता है। पहले दिन ' भोगी पोंगल' मनाया जाता है। इस दिन लोग अपने घरों की साफ़–सफ़ाई करते हैं ; उसे अलग–अलग ढंग से सज़ाते हैं । इस दिन नए चावल के आटे से ' कोलम '(रंगोली) बनाते हैं। इस दिन वर्षा के देवता इंद्र की पूजा करके उन्हें धन्यवाद दिया जाता है ।

क) पोंगल हर साल कौन से महीने में मनाया जाता है ?

अ) जून ब) जनवरी स) मई

ख) पहले दिन क्या मनाया जाता है ?

अ) भोगी पोंगल ब) सूर्य पोंगल स) मट्टू पोंगल

ग) इस दिन लोग अपने घरों में क्या करते हैं?

अ) साफ़–सफ़ाई ब) भजन स) गाते हैं

घ) इस दिन चावल के आटे से क्या बनाते है ?

अ) पकवान ब) रंगोली स) रोटी

ङ) वर्षा के देवता इंद्र की पूजा करके उन्हें क्या दिया जाता है ?

अ) धन्यवाद   ब) जल   स) नारियल

प्र4) अपठित गद्यांश को पढ़कर सही (√) का निशान लगाइए –(5)

किसी जंगल में एक बूढ़ा शेर रहता था । बूढ़ा होंने के कारण वह शिकार नहीं कर पा रहा था । एक दिन वह नदी के किनारे टहल रहा था कि उसकी नज़र एक सोने के कंगन पर पड़ी। उसने झट से उसे उठा लिया और सोचने लगा– मैं इस कंगन का प्रयोग शिकार करने के लिए करूँगा। फिर शेर ने स्नान किया और माथे पर तिलक लगाया ।

क) जंगल में कौन रहता था ?

अ) बूढ़ा शेर   ब) गीदड़   स) हाथी

ख) एक दिन वह कहाँ टहल रहा था ?

अ) बगीचे में   ब) नदी के किनारे   स) पहाड़ पर

ग) उसकी नज़र किस चीज़ पर पड़ी ?

अ) अंगूठी   ब) माला   स) सोने के कंगन

ध) शेर ने स्नान करके माथे पर क्या लगाया ?

अ) तिलक   ब) तेल   स) मुकुट

ङ) शेर शब्द का स्त्रीलिंग क्या होगा ?

अ) राजा   ब) शेरनी   स) रानी

प्र5) दिए गए शब्दों को उनके अनेक रूप से मिलाइए– (5)

क) कथा	पकौड़े
ख) तितली	टॉफियाँ
ग) पकौड़ा	कहानियाँ
घ) कहानी	तितलियाँ
ङ) टॉफी	कथाएँ

खण्ड (स)

प्र 6) नीचे दिए गए प्रश्नों को पढ़कर उत्तर लिखिए– (12)

क) पेड़ की लकड़ी किस काम आती है ?

ख) पोंगल कितने दिनों तक मनाया जाता है ?

ग) आदित्य ने यात्रियों को कैसे बचाया?

घ) भूखा शेर गुफ़ा में क्यों छिप गया ?

ङ) सियार को कैसे पता चला कि गुफ़ा में कोई है ?

च) पोंगल क्यों मनाया जाता है ?

प्र7) कविताओं के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए– (10)

क) कवि ने किस–किस के लिए सरल बनने की बात कही हैं ?

ख) देश के वन और बाट कैसे होने चाहिए ?

ग) माँ कैसे गीत सुनाती है ?

घ) रूठने पर माँ क्या कहकर रिझाती है ?

ङ) मम्मी टॉफी केक कब दिलाती है ?

प्र 8) नीचे दिए गए शब्दों के वाक्य बनाकर लिखिए– (3)

क) जंगल –

ख) पेड़ –

ग) चावल –

प्र 9) क) किन्हीं चार फूलों के नाम लिखिए– (4)

ख) किन्हीं चार खाने वाली वस्तुओं के नाम लिखिए–

व्याकरण खण्ड (द)

प्र10) अनुच्छेद लेखन – (छह वाक्य) (6)

क) मेरी माँ ख) रक्षाबंधन ग) पेड़ हमारे मित्र

प्र11) अपने प्राचार्य महोदय को तीन दिनों की छुट्टी का आवेदन पत्र लिखिए । (5)

प्र12) नीचे दिए गए चित्र को देखकर सात वाक्यों में वर्णन कीजिए– (5)